# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 28.03.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, ज्ञानशिखा टाइम्स, न्यायाधीश," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 28.03.2025

### ट्रासंपोर्ट नगर में पार्किंग की डिजाइन पर हुई चर्चा

**वाराणसी।** ट्रांसपोर्ट नगर परियोजना के लिए बृहस्पतिवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बैठक की। इसमें पार्किंग, फायर स्टेशन रोड के डिजाइन पर चर्चा हुई। इसमें कार्यों की प्रगति, और आवश्यक सुधारों के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया। साथ ही कहा कि कि कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कराएं। बैठक में सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा, अधीक्षण अभियंता अजय पवार, नगर नियोजक प्रभात कुमार, प्रभारी अधिकारी संपत्ति आनंद प्रकाश तिवारी, आईआईटी बीएचयू टीम आदि ने अपने विचार रखे। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 28.03.2025

### शमन मानचित्रों का निस्तारण शीघ्र करें

**वाराणसी।** वीडीए में बृहस्पतिवार को अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा ने लंबित शमन मानचित्रों की समीक्षा की। उन्होंने लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होंने स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन की कार्रवाई का निर्देश दिए। सील प्रकरणों की जांच एवं बेसमेंट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 28.03.2025

### पुलिस लाइन परिसर की सड़क कराएं दुरुस्त

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बृहस्पतिवार को पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने लिंक मार्गों के सुदृढ़ीकरण और आरसीसी नालियों के निर्माण कार्य को दुरुस्त कराने को कहा। यहां आरसीसी नाली की लंबाई 1704 मीटर और सड़क की लंबाई 826 मीटर है। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने पाया कि नालियों का कार्य और डीबीएम का कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि इंटरलॉकिंग का कार्य प्रगति पर है। उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अप्रैल तक काम पूरा कर लिया जाए। इस दौरान पुलिस लाइन के सहायक पुलिस आयुक्त डॉ. ईशान सोनी, सहायक अभियंता अनुज शर्मा, अवर अभियंता विजय सिंह मौजूद रहे। ब्यूरो

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## दैनिक जागरण–दि0 28.03.2025

### ट्रांसपोर्ट नगर में तेजी से कार्य कराने का निर्देश

**वाराणसी :** ट्रांसपोर्ट नगर योजना की प्रगति को लेकर गुरुवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने समीक्षा की। उन्होंने तेजी से काम कराने का निर्देश दिया। वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि अधिग्रहण की गई जमीन पर विकास कार्य कराया जा रहा है। ट्रकों की पार्किंग, फायर स्टेशन और डिजाइन को लेकर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की गई जिससे योजना में तेजी लाई जा सके। (जासं)

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 28.03.2025

### वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में ट्रांसपोर्ट नगर परियोजना के संबंध में समीक्षा बैठक का किया आयोजन

उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में ट्रांसपोर्ट नगर परियोजना के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक ट्रकों की पार्किंग फायर स्टेशन रोड के डिजाइन से सम्बन्धित थी, जिसमें परियोजना की अद्यतन स्थिति और भविष्य की कार्यप्रणालियों पर चर्चा



की गई।बैठक में सचिव डॉ0 वेद प्रकाश मिश्रा, अधीक्षण अभियंता अजय पवार, नगर नियोजक प्रभात कुमार, प्रभारी अधिकारी संपत्ति आनन्द प्रकाश तिवारी, आईआईटी बीएचयू टीम तथा अन्य संबद्ध कार्मिकों ने उपस्थित होकर परियोजना की प्रगति और संबंधित कार्यों की समीक्षा की। सभी उपस्थित अधिकारियों ने कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए परियोजना के समयबद्ध निष्पादन पर बल दिया। इस अवसर पर परियोजना की अद्यतन स्थिति, कार्यों की प्रगति, और आवश्यक सुधारों के लिए आवश्यक कदम उठाने पर भी चर्चा की गई। बैठक में उठाए गए महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बनी और निर्णय लिया गया कि कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के लिये निर्देशित किया गया ।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 28.03.2025

### वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा पुलिस लाइन परिसर में सड़कों के लिंक मार्गों के सुदृढ़ीकरण एवं आरसीसी नालियों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। इस कार्य में आरसीसी नाली की



कुल लंबाई लगभग 1704 मीटर और सड़क की कुल लंबाई लगभग 826 मीटर है। उक्त कार्य की कुल लागत 1 करोड़ 49 लाख 43 हजार रुपये है। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने पाया कि नालियों का कार्य और डीबीएम का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जबकि इंटरलॉकिंग का कार्य प्रगति पर है। कार्य की गुणवत्ता को लेकर किए गए लेबोरेटरी टेस्ट की रिपोर्ट की भी मौके पर जांच की गई, जिससे कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। उपाध्यक्ष महोदय ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस कार्य को आगामी अप्रैल माह तक पूर्ण कर लिया जाए। मौके पर पुलिस लाइन के सहायक पुलिस आयुक्त डॉ. ईशान सोनी, सहायक अभियंता अनुज शर्मा, अवर अभियंता विजय सिंह तथा कांट्रैक्टर मनोज सिंह (मे. सिद्धार्थ कंस्ट्रक्शन) भी उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश–दि0 28.03.2025

### अपर सचिव वाविप्रा द्वारा की गयी जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक



वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा के निर्देशों के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के सभागार कक्ष में अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा 27 मार्च को जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक की गयी, समीक्षा बैठक के दौरान लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जोन-1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल एवं विन्यास में विगत दिनांक 16.03.2025 से 22.03.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 22,24,697.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-10,33,04,551.00 एवं जोन-2 के वार्ड सारनाथ, आदमपुर, जैतपुरा एवं विन्यास में विगत दिनांक 16.03.2025 से 22.03.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 23,36,471.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष-2024-25 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-8,31,87,603.00 जमा कराया गया है। स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन तथा विधिक कार्यवाही करने को भी जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया। सील प्रकरणों की जॉच एवं बेसमेण्ट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया है एवं सचेत किया गया कि विलम्बतम 01 सप्ताह में जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाय। उक्त समीक्षा बैठक में जोन-1 के जोनल अधिकारी, श्री शिवाजी मिश्रा, अवर अभियन्ता, श्री संजय तिवारी, अवर अभियन्ता, श्री रोहित कुमार एवं जोन-2 के जोनल अधिकारी, श्री प्रकाश कुमार, अवर अभियन्ता, श्री विनोद कुमार, अवर अभियन्ता, सुश्री वर्तिका दुबे उपस्थित रही।